# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Sunday, 20 September 2026


# हाई-टेक e-Passport कैसे पाएँ: जाने ऑनलाइन अप्लाई करने का पूरा तरीका


Publisher Published on 21 Nov 2025





देशभर में अब **e-Passport** जारी करने का प्रोसेस शुरू हो गया है। नया e-Passport पुराने पासपोर्ट की तरह दिखेगा, लेकिन इसके कवर पर बने अशोक स्तंभ के नीचे एक हाई-टेक चिप लगेगी, जिसमें पासपोर्ट धारक की बायोमेट्रिक और अन्य जरूरी जानकारी सुरक्षित रहेगी। अगर आपने 28 मई, 2025 या उसके बाद नया पासपोर्ट बनवाया या रिन्यू करवाया है, तो आपको ई-पासपोर्ट ही मिलेगा।

e-Passport के लिए ऑनलाइन अप्लाई करना अब आसान हो गया है। इसके लिए आपको **Passport Seva Online Portal** पर जाना होगा। सबसे पहले पोर्टल पर रजिस्टर करें और लॉगिन करने के बाद “Apply for Fresh Passport / Re-issue of Passport” का विकल्प चुनें। यदि आप पहली बार पासपोर्ट बनवा रहे हैं तो **Fresh Issuance** चुनना जरूरी है।

फॉर्म में मांगी गई सभी जानकारी सही-सही भरें और सबमिट करें। गलत जानकारी से आपके पासपोर्ट अप्लाई में समस्या हो सकती है। फॉर्म सबमिट करने के बाद “View Saved/Submitted Applications” में जाकर **Pay and Schedule Appointment** पर क्लिक करें। ऑनलाइन पेमेंट करना आवश्यक है, तभी आपका अपॉइंटमेंट पासपोर्ट सेवा केंद्र (PSK), रीजनल पासपोर्ट ऑफिस (RPO) या पोस्ट ऑफिस में बुक होगा।

पेमेंट और एप्लिकेशन सबमिट होने के बाद आपको **ARN या अपॉइंटमेटं नंबर** वाली रसीद मिलेगी। इसके अलावा आपके रजिस्टर्ड नंबर पर SMS के जरिए भी अपॉइंटमेंट डिटेल्स भेजी जाएंगी। ये डिटेल्स संभालकर रखें क्योंकि आपको पासपोर्ट ऑफिस में इन्हें दिखाना होगा।

अपॉइंटमेंट पर अपने **ओरिजिनल डॉक्यूमेंट्स** के साथ PSK या RPO जाएं और फिजिकल वेरिफिकेशन प्रोसेस पूरा करें। यदि आपने अपने पते पर वेरिफिकेशन का विकल्प चुना है, तो पासपोर्ट वैन आपके पते पर डॉक्यूमेंट वेरिफाई करेगी। पुलिस वेरिफिकेशन के बाद लगभग 15 से 20 दिनों में आपका e-Passport आपके पते पर पहुंच जाएगा।

e-Passport के लिए अप्लाई करते समय कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है। सभी जानकारी को दो-तीन बार चेक करें। जरूरी डॉक्यूमेंट्स में **आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैकं पासबुक, बिजली/पानी/गैस बिल** शामिल हो सकते हैं। जन्मतिथि प्रमाण के लिए **जन्म प्रमाणपत्र, वोटर आईडी, ड्राइविंग लाइसेसं या मैट्रिक सर्टिफिकेट** भी आवश्यक हो सकते हैं। अपॉइंटमेंट पर सभी **ओरिजिनल डॉक्यूमेट्ंस** के साथ पहुंचना अनिवार्य है।

देशभर में e-Passport जारी होने से अब पासपोर्ट अधिक सुरक्षित और आधुनिक हो गया है। सभी आवेदक अब घर बैठे ऑनलाइन अप्लाई कर सकते हैं और सुविधाजनक तरीके से अपना हाई-टेक पासपोर्ट प्राप्त कर सकते हैं।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.